# बीटेक छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

## स्वतंत्रता दिवस की रात ड्यूटी से लौटते समय वारदात

**भोपाल,16 अगस्त. राजधानी में स्वतंत्रता दिवस की रात भारी सुरक्षा के बीच सनसनीखेज वारदात हुई. 22 वर्षीय बीटेक छात्र नीतेश चंद्रवंशी की अज्ञात हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी.**



घटना 14-15 अगस्त की दरमियानी रात की है. इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई. पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. छिंदवाड़ा जिले के ग्राम मूसादेही निवासी नीतेश भोपाल में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ एक निजी कंपनी में नौकरी करता था. 14 अगस्त की रात ड्यूटी से लौटते समय कंपनी की बस ने उसे कोकता चौराहे पर उतारा. वहां से किराए के कमरे की दूरी मात्र 100 मीटर थी. उसी बीच अंधेरे में उस पर हमला किया गया.

घायल हालत में उसने दोस्त प्रशांत को फोन पर जानकारी दी. दोस्त मौके पर पहुंचा और उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि हमले की वजह साफ नहीं है. आशंका है कि हमलावर एक से अधिक थे और वारदात पुरानी रंजिश का नतीजा हो सकती है.

### 48 दिन बाद सामने आया वीडियो फुटेज

**भोपाल.** राजधानी के छोला थाना इलाके में करीब 48 दिन पहले हुई हत्या में शामिल आरोपियों की करतूतें वीडियो फुटेज में दिखाई दी. शनिवार को इस घटना को सीसीटीवी फुटेज सामने आया. अमित वर्मा नाम के युवक की सरेराह गोली मारकर हत्या का वीडियो पुलिस के सामने है. वीडियो में कुख्यात बदमाश अमित वर्मा को गोली मारता हुआ दिखाई दे रहा है. बताया जा रहा है कि वीडियो में कुख्यात बदमाश नसीम बन्ने खान युवक को गोली मारते दिखाई दे रहा है. हालांकि नसीम पुलिस कस्टडी में पहले से ही है. बता दें कि बीते जून महीने में हत्याकांड हुआ था. जब मृतक अमित वर्मा अपने दोस्त का जन्मदिन मना रहा था.

# कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की सूची पर बवाल

## गुटबाजी, पट्ठाबाजी और नेताओं को निपटाने की साजिश के आरोप

**भोपाल,16 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित जिलाध्यक्षों की सूची जारी होते ही संगठन के भीतर असंतोष और बगावत की लहर दौड़ गई है. भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने इस सूची को गुटबाज़ी और व्यक्तिगत स्वार्थ की पटकथा करार दिया है.**

उन्होंने आरोप लगाया कि यह सूची कांग्रेस संगठन की नहीं, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम है. आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की सूची में परिवारवाद और पट्ठावाद साफ झलकता है. निष्ठावान और जमीनी



कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है. अग्रवाल ने आरोप लगाया कि जीतू पटवारी ने जिला अध्यक्षी की कुर्सी को अपने समकक्ष नेताओं को ठिकाने लगाने का हथियार बना लिया है.

दिग्विजय सिंह के सपनों के वारिस जयवर्धन सिंह को भी जिले तक सीमित कर दिया गया, जिससे उनकी राजनीतिक भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि जब पहले से चयन तय था तो इलेक्शन की नौटंकी क्यों की गई? कांग्रेस ने 8 पूर्व विधायकों और कई पूर्व मंत्रियों को जिलाध्यक्ष बनाया है. पार्टी जनाधार खो चुके नेताओं को ही आगे बढ़ा रही है. सतना में अपराधों से घिरे विधायक सिद्धार्थ को जिलाध्यक्ष बनाना कांग्रेस की सोच और चरित्र का प्रमाण है.

# पुलिस ने परिजनों को सौंपा नाबालिग

## भोपाल स्टेशन पर प्रधान आरक्षक ने की पूछताछ

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान आरक्षक ने घर से भागे एक नाबालिग बालक को उसके परिजनों को सौंपा है. सराहनीय कार्य करते हुए प्रधान आरक्षक आरपी शर्मा ने बच्चे के बारे में जानकारी जुटाते हुए उसे उसके घर तक पहुंचाया.**

शुक्रवार को भोपाल स्टेशन पर तैनात प्रधान आरक्षक को नाबालिग बालक संदिग्ध अवस्था में लावारिस घूमता हुआ मिला. आरपीएफ कर्मियों द्वारा पूछताछ करने पर बालक ने अपना नाम करण पिता भूरेलाल बैरवा, उम्र 14 वर्ष, निवासी कुरावर सामपुर



भोपाल बताया. उसने स्वीकार किया कि वह नाराज होकर घर से भाग आया है. बालक को इसके बाद आरपीएफ पोस्ट लाकर सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार जनोरिया द्वारा विस्तृत पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान बालक द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर से उसके परिजनों से संपर्क किया गया.

# अवंतीबाई की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरांगना रानी अवंतीबाई की 194वीं जयंती पर भोपाल के माता मंदिर चैराहा स्थित उनकी प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायकद्वय रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भी श्रद्धा-सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे.

# छात्र की हत्या करने वाले आरोपी धराए

## घटना के बाद से लगातार पुलिस को दे रहे थे चकमा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. अयोध्यानगर पुलिस को पेट्रोल पम्प पर बीए एलएलबी के छात्र की हत्या मामले में शनिवार को सफलता मिली. छात्र की निर्मम हत्या कर फरार तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमो ने रास्ते में लगे कई सीसीटीव्ही फूटेज से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपीगण के पास दिख रही एक्टिवा रजिस्ट्रेश के रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली. जिस पर तीनो आरोपियों के घर पर दबिस देने पर मालूम हुआ कि सभी घटना वाले दिन से फरार है. हत्यारों ने अपने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए थे. पुलिस ने तकनीकि तथा अन्य माध्यमों से आरोपियों की जानकारी लेकर विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिस दी. आरोपियों ने पुलिस को चकमा देते हुए लगातार इतने दिनों तक अपना ठिकाना बदला.

बता दें कि 6 अगस्त की सुबह लगभग 4 बजे फरियादी अनमोल दुबे अपने दोस्त संस्कार बबेले के साथ एक्टिवा में पेट्रोल डलाने के लिये मिनाल गेट क्रमाक 03 के पेट्रोल पम्प पर पहुचे थे, जहां पर पहले पेट्रोल डलवाने की बात पर एक्टिवा पर सवार 03 लडकों द्वारा अनमोल दुबे एवं संस्कार बबेले को धमकाया. फिर संजय (परिवर्तित नाम) बदमाश ने धारदार हथियार (छुरी) से मां बहन की गाली देते हुए संस्कार बबेले पर जानलेव हमला किया. बीच बचाव करने आये दोस्त अनमोल दुबे पर भी आरोपी ने उसी छुरी से हमला बोल दिया. अन्य साथी आरोपी द्वारा भी संस्कार और अनमोल पर हमला किया. तीनो आरोपियों ने मिलकर संस्कार बबेले पुत्र आरपी बबेले उम्र 22 वर्ष निवासी बीना (जो इन्दौर में एलएलबी की पढाई कर रहा था) की बेरहमी से हत्या कर दी और एक्टिवा से फरार हो गये.



16/08/2025 13:51

# सेर सपाट बना गंदगी का घर

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. झीलों के शहर भोपाल के बीचों बीच स्थित सेर सपाट शहर का मुख्य पर्यटन स्थल है. जहां लोग शाम को सुकून भरे पल बिताने आते हैं. यह स्थल आजकल गंदगी और अव्यवस्था का घर बनता जा रहा है.**

खासकर बारिश के मौसम में यहां लगने वाले खान पान के ठेले लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. तालाब के किनारे घूमने आने वाले लोग भुट्टे और आईसक्रीम खा कर उनके छिलके और कचरा तालाब के किनारे इधर-उधर छोड़ देते है. साथ ही आईसक्रीम बेचने वाले दुकानदार आईसक्रीम का रैपर तालाब में डाल देते हैं. नतीजा ये है कि तालाब के चारों ओर गंदगी का अम्बार लगता जा रहा है.

यह स्थिति न केवल प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि लोगों की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों को भी उजागर करती है. जब लोग खुद ही खाने-पीने के बाद कचरा इधर-उधर फैलाते हैं, तो स्वच्छता बनाए रखने के सभी प्रयास विफल हो जाते हैं. अगर तालाब की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया तो तालाब और आसपास का इलाका पूरी तरह गंदगी का ढेर बन जाएगा. इससे न केवल पर्यटन प्रभावित होगा, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है.

### तालाब हुआ हरा और बदबूदार पानी

तालाब में पहले से ही नालों का गंदा पानी मिल रहा है. सीवेज का यह पानी तालाब की प्राकृतिक सुंदरता को पूरी तरह खराब कर रहा है. ऊपर से जलकुंभी ने स्थिति और बिगाड़ दी है. तालाब का पानी हरा और बदबूदार होता जा रहा है. जिससे यहां का वातावरण शाम के समय गंदी बदबू में बदल जाता है. लोग यहां शाम को सैर करने आते है. कचरे और बदबू के कारण उन्हें अपने स्वास्थ की चिंता होने लगी है. सेर सपाटा में सेर कर रहे जगदीश देशमुख ने बताया कि इस प्रदूषित वातावरण में टहलने में कठिनाई होती है. यहां का वातावरण अब पहले की तरह स्वच्छ और स्वस्थ नहीं रहा.

# रुक-रुक कर बारिश ने बढ़ाई परेशानी




जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. राजधानी में शनिवार को हुई रुक-रुक कर बारिश ने लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया.**

दोपहर से शुरू हुई झमाझम बारिश कभी तेज तो कभी हल्की फुहारों में बदलती रही, जिससे न्यू मार्केट की सड़कों पर पानी भर गया. वहीं भदभदा मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या ने लोगों को परेशानी में डाल दिया. खासतौर पर ऑफिस से लौटते समय लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है.

बारिश का असर बाजारों पर भी देखने को मिला. जन्माष्टमी के मौके पर न्यू मार्केट मे खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे, लेकिन बारिश ने उनके उत्साह पर पानी फेर दिया. कई दुकानों के सामने पानी भरने से ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी हुई. न्यू मार्केट में खरीदारी कर रही कोमल बघेल ने बताया कि जन्माष्टमी के लिए घर पर सजावट और पूजन सामग्री लेने आई थी, लेकिन बारिश के कारण बाजार मे कीचड़ ने परेशान कर दिया. कई दुकानों के सामने पानी भरने से सामान तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है.

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की सक्रियता बनी हुई है. समुद्र से नमी खीचकर बारिश देने वाली मानसून ट्रफ लाइन अब मध्य प्रदेश मे सक्रिय हो चुकी है. फिलहाल यह रेखा गुना और दमोह जिलों से होकर गुजर रही है. आने वाले दिनों में भी शहर में इसी तरह रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है. ऐसे मे त्यौहार के मौके पर लोगो को बाजार जाने से पहले मौसम की स्थिति पर ध्यान देना होगा.



### हबीबगंज थाना या कबाड़खाना

भोपाल. हबीबगंज थाने के बाहर यातायात पुलिस द्वारा जब्त वाहन जंग खा रहे है. मुख्य सड़क पर खड़े वाहन आवागमन में भी असुविधा बन रहे हैं.

# मनीषा मार्केट में पार्किंग बनी मुसीबत

## रात में पशुओं का जमावड़ा



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अगस्त. शाहपुरा लेक स्थित मनीषा मार्केट में शाम होते ही पशुओं का ढेर लग जाता है, जिसकी वजह से मार्केट के अंदर गंदगी की समस्या बढ़ती जा रही है.**

वहीं यही स्थान शाम के समय आवारा पशुओं का आश्रय बनता जा रहा है. यानि यहां शाम को गोशाला जैसा नजारा दिखाई देता है. इसके अलावा इस मार्केट में अवैध पार्किंग की भी भारी समस्या है. जगह-जगह वाहन पार्क हो रहे हैं. जिसकी वजह से मार्केट में राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

दुकानदारों ने बताया कि इन अव्यवस्थाओं के कारण मार्केट में आने-जाने वालों को भारी दिक्कतें होती हैं. दुकानदार शैलेष शाह बताते हैं कि मार्केट के अंदर ग्राहकों से ज्यादा तो गाड़ियां खड़ी रहती हैं. यह गाड़ियां किसी ग्राहक या दुकानदार की नहीं बल्कि बाहरी लोगों की होती है. कोलार, बिट्टन और अन्य आस पास की कालोनियों से आने जाने वाले लोग यहां सुबह गाड़ियां लगा के चले जाते हैं. फिर शाम में गाड़ियों को ले जाते हैं. इस कारण से यह मार्केट अवैध पार्किंग का एक अड्डा बनता जा रहा है.

# ड्रग्स मुक्त समाज और वोट चोरी के खिलाफ संदेश

## एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनएसयूआई भोपाल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया. जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर एवं जिला उपाध्यक्ष अमित हाटिया के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई.**

यात्रा का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स के खतरे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना और वोट चोरी जैसी लोकतंत्र विरोधी प्रवृत्तियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना रहा. तिरंगा यात्रा की शुरुआत




सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व भारतीय सैना के पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव और पूर्व सैनिक ने हरी झंडी दिखाकर की.

### युवा कांग्रेस के फेसबुक पेज पर 'पाकिस्तान' हैशटैग, भाजपा हुई हमलावर

**भोपाल.** स्वतंत्रता दिवस पर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आधिकारिक फेसबुक पेज से बड़ा विवाद खड़ा हो गया. 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय भोपाल में हुए ध्वजारोहण का वीडियो साझा किया गया, लेकिन इसमें लगाए गए हैशटैग में 'स्वतंत्रता दिवस पाकिस्तान' भी शामिल था. भाजपा ने इसे कांग्रेस की मानसिकता करार दिया. मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं की सोच हमेशा पाकिस्तान परस्त रही है. उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाना हो या ऑपरेशन सिंदूर का विरोध, कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान की भाषा बोलती रही है. आज युवा कांग्रेस का यह पोस्ट उनकी उसी मानसिकता को उजागर करता है. विवाद बढ़ने पर कांग्रेस ने पोस्ट हटा दिया और सफाई में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह ने कहा कि उनका फेसबुक पेज हैक कर लिया गया था. उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई जा रही है. भाजपा नेताओं का कहना है कि पेज हैकिंग का बहाना कांग्रेस की जिम्मेदारी से भागने की कोशिश है.

लापरवाही ▶ रात में राहगीरों और वाहन चालकों का सफर बना जानलेवा, जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान,

# शहर की सड़कों को पेड़ों की लंबी शाखाओं ने ढका, रात में छा जाता अंधेरा

नवभारत प्रतिनिधि

**16 अगस्त, भोपाल. रिमझिम फिसलन वाली बारिश के बीच कई क्षेत्रों में पेड़ों की शाखाएं सड़क को ढकती जा रही हैं.**

जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बिट्टन मार्केट मार्ग को पेड़ों की शाखाओं और तनों ने ढक लिया है. आगे फैक्चर हॉस्पिटल के सामने भी पेड़ों की लंबी शाखाओं से सड़क पर मार्ग बाधित हो रखा है. मनीषा मार्केट




से शाहपुरा लेक की ओर की सड़कों पर बड़े पेड़ों के तने और झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि राहगीरों और वाहन चालकों का सफर मुश्किल भरा हो गया है.

कोलार रोड, बिट्टन मार्केट रोड, मनीषा मार्केट, नर्मदा रोड, 10 नंबर मार्केट, फैक्चर



हॉस्पिटल के सामने और आगे ब्रिज के नीचे सहित अन्य कई मार्गों पर बड़ी की डालियां और झाड़ियों की वजह बसें सड़क पर चलने वाले राहगीर और वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ा रहा है. सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों के



सिर और चेहरे से टकराने का खतरा रहता है, जिससे असुविधा होती है. इसके साथ ही बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएँ भी ढालियों के टकराने से चोटिल हो जाते हैं. दो पहिया चालकों का कई बार डालियों से टकराकर संतुलन बिगड़ जाता है, जिसकी वजह से

जो कई बार गाड़ी के स्लिप होने की वजह भी बनती है. इसके साथ ही बड़े और ऊंचे वाहनों की छत और शीशे इन पेड़ों से टकरा जाते हैं. दूसरा, चालक की मार्ग पर दृश्यता को काम करता है और इससे हादसे जैसी स्थति बनती है. वहीं कई बार बिजली और टेलीकॉम की तारों में डालियां फंसकर करंट या शॉर्ट-सर्किट का खतरा बढ़ा देती हैं. अक्सर ऐसे मार्गों पर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी होती है और जाम की स्थिति बनती है.

दुर्घटना जैसी स्थिति बनती है. बरसात में डालियों से पानी टपकने के कारण सड़क और फिसलन भरी हो जाती है.